(a) whether Government has taken any step for the location of Steel Plant at Vijayanagram; and

(b) if so, the exact location thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF STEEL AND MINES (SHRI SHAHNAWAZ KHAN): (a) Yes, Sir. Preliminary work such as demarcation of the plant area, topographical surveys, testing of soil samples, survey for railway exchange yard and sidings, preparation of water supply schemes etc., has been completed About 1,800 hectares (4,500 acres) of land have been acquired so far.

(b) The location of the plant is at Tornagalu in Bellary District, Mysore State

वर्ष 1972–73 में विदेशों में भारतीय दूतावासों पर अनुमानित व्यय

5254. **श्री हुकम चन्द कछवाय :** क्या विदेश मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि वित्तीय वर्ष 1972–73 मे विदेशो मे भारतीय दूतावासो पर कितना व्यय होने का अनुमान है ?

विदेश मंत्रालय में उप मंत्री (श्री सुरेन्द्र पाल सिंह) विदेश मंत्रालय के प्रशासनिक एव बजट सम्बन्धी नियंत्रण मे आने वाले वदेश-स्थित भारतीय मिशनो और केन्द्रो का वर्ष 1972–73 का अनुमानित खर्च 1282 08 लाख रुपये है ·

हिन्द महासागर में चीन की पनडुब्बियां

5255. **श्री हुकम चन्द कछवाय :** क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या सरकार का ध्यान 25 जुलाई, 1972 के विभिन्न समाचार पत्रो मे प्रकाशित नौसेनाध्यक्ष श्री एस० एम० नन्दा के इस वक्तव्य की ओर दिलाया गया है कि चीन ने हिन्द महासागर मे पनडुब्बियां भेजी हैं, और

(ख) इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

रक्षा मंत्री (श्री जगजीवन राम) : (क) तथा (ख) 24–7–1972 को नई दिल्ली दक्षिण रोटरी क्लब मे हमारे समुद्री हितो के विषय पर भाषण के दौरान एडमिरल नन्दा ने यह विचार व्यक्त किया था कि ऐसी सम्भावना है कि चीन हिन्द महासागर मे अपनी पनडुब्बियां नियोजित करे। अन्तर्राष्ट्रीय विधि के अन्तर्गत सब देशो के जलयानो को (जिनमे युद्धपोत भी शामिल हैं) देश की समुद्री सीमा के बाहर कही भी आने-जाने की स्वतन्त्रता है। तथापि, हिन्द महासागर को तनाव से मुक्त रखने के सम्बन्ध मे सरकार के विचार भली भांति विदित है तथा उन्हे अनेको बार सदन मे व्यक्त किया जा चुका है।

पाकिस्तान द्वारा क्षति पहुचाई गई भारतीय सम्पत्ति

5256 **श्री हुकम चन्द कछवाय :** क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दिसम्बर, 1971 के भारत पाकिस्तान के युद्ध के बाद पाकिस्तानी सेना ने पाकिस्तानी अधिकृत भारतीय क्षेत्र मे भारतीय सम्पत्ति को भारी क्षति पहुचाई है ;

(ख) इस प्रकार हुई क्षति का भारतीय मुद्रा मे अनुमानित मूल्य कितना है, और

(ग) इस सम्बन्ध मे सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

रक्षा मंत्री (श्री जगजीवन राम) : (क) तथा (ख) यह विदित है कि पाकिस्तान के द्वारा अधिकृत क्षेत्र मे भारतीय सम्पत्ति को पाकिस्तानी सेना ने तथा सिविलियनो ने क्षति पहुचाई है, परन्तु पाकिस्तान के द्वारा उस क्षेत्र को खाली करने के उपरान्त ही हानि की पूरी मात्रा का पता चल सकता ै